# बिहार सरकार
## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

पत्रांकः–6 / प्राक्क01–1044 / 2025– 898 पटना–15, दिनांकः– 14.5.25

सेवामें,

महालेखाकार,
बिहार, पटना।

**विषय–लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग अंतर्गत 02 अदद प्रमंडलीय कार्यालय, 44 अदद अवर प्रमंडलीय कार्यालय एवं 02 अदद यांत्रिक अवर प्रमंडलीय कार्यालय के भवन निर्माण हेतु योजनावार तकनीकी अनुमोदित स्थूल प्राक्कलन के अनुसार पृथक–पृथक योजना की कुल 3612.74 लाख रूपये (छत्तींस करोड़ बारह लाख चौहत्तर हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति।**

आदेश–योजना स्वीकृत।

2. राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में 'हर घर नल का जल' के तहत पेयजल योजनाओं का निर्माण तथा संचालन एवं रख–रखाव का कार्य किया जा रहा है। विभाग अंतर्गत तत्काल 02 अदद प्रमंडलीय कार्यालय, 44 अदद अवर प्रमंडलीय कार्यालय एवं 02 अदद यांत्रिक अवर प्रमंडलीय कार्यालय के भवन निर्माण की आवश्यकता है।

3. कार्यालय भवन पुराना एवं जर्जर स्थिति में है। जिसके कारण सरकारी कार्यों के ससमय निष्पादन में असुविधा होती है। अतः उक्त कार्यालयों हेतु नया कार्यालय भवन बनाने की आवश्यकता है।

4 विभाग द्वारा नव सृजित प्रमंडलीय कार्यालय, अवर प्रमंडलीय कार्यालय एवं यांत्रिक अवर प्रमंडलीय कार्यालय के लिए कार्यपालक अभियंता तथा इसके अंतर्गत प्रशाखा के लिए सहायक अभियंता, कनीय अभियंता तथा कार्यालय संचालन हेतु अन्य कर्मियों को पदस्थापित कर दिया गया है। इन सभी कार्यालयों के भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध है।

5. इस योजना का सूत्रण भवन निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न कार्यालय भवनों यथाः प्रमंडलीय कार्यालय, अवर प्रमंडलीय कार्यालय एवं यांत्रिक अवर प्रमंडलीय कार्यालय के भवन निर्माण हेतु निर्धारित मापदंड के अनुसार उनके द्वारा विभाग के लिए तैयार कर उपलब्ध कराए गए, तकनीकी अनुमोदित मॉडल प्राक्कलन के आधार पर किया गया है। इस योजना में भवन निर्माण, पानी, बिजली, फर्नीचर आदि का कार्य शामिल है। मॉडल प्राक्कलन पर मुख्य अभियंता (रूपांकण), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा तकनीकी अनुमोदन दिया गया है। इन 48 अदद कार्यालय भवन की विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र. | संबंधित प्रमंडल का नाम | कार्यालय भवन का निर्माण | मुख्य अभियंता (रूपांकण) द्वारा तकनीकी अनुमोदित राशि (लाख रू0 में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुजफ्फरपुर | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, मुजफ्फरपुर | 72.91 | |
| 2 | मोतीपुर | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, मोतीपुर | 72.91 | |
| 3 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, सरैया | 72.91 | |
| 4 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, कांटी | 72.91 | |
| 5 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, मीनापुर | 72.91 | |
| 6 | झंझारपुर | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, फुलपरास | 72.91 | |
| 7 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, लोकहा | 72.91 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8 | समस्तीपुर | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, समस्तीपुर | 72.91 | |
| 9 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, उजियारपुर | 72.91 | |
| 10 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, रोसड़ा | 72.91 | |
| 11 | | अवर प्रमंडल कार्यालय, दलसिंहसराय | 72.91 | |
| 12 | हाजीपुर | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, पातेपुर | 72.91 | |
| 13 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, महुआ | 72.91 | |
| 14 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, लालगंज | 72.91 | |
| 15 | सीतामढ़ी | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, पुपरी | 72.91 | |
| 16 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, बेलसंड | 72.91 | |
| 17 | शिवहर | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, शिवहर | 72.91 | |
| 18 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, पिपराही | 72.91 | |
| 19 | गया | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, बाजीरगंज | 72.91 | |
| 20 | शेरघाटी | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, बाराचट्टी | 72.91 | |
| 21 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, आमस | 72.91 | |
| 22 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, ईमामगंज | 72.91 | |
| 23 | अरवल | प्रमंडलीय कार्यालय, अरवल | 129.44 | |
| 24 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, अरवल | 72.91 | |
| 25 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, करपी | 72.91 | |
| 26 | भभुआ | प्रमंडलीय कार्यालय, भभुआ | 129.44 | |
| 27 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, भभुआ | 72.91 | |
| 28 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, मोहनियाँ | 72.91 | |
| 29 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, अधौरा | 72.91 | |
| 30 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, रामगंढ़ | 72.91 | |
| 31 | पटना पश्चिम | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, दानापुर | 72.91 | |
| 32 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, पालीगंज | 72.91 | |
| 33 | सासाराम | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, काराकाट | 72.91 | |
| 34 | शेखपुरा | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, शेखपुरा-1 | 72.91 | |
| 35 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, शेखपुरा-2 | 72.91 | |
| 36 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, बरबिघा | 72.91 | |
| 37 | खगड़िया | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, चौथम | 72.91 | |
| 38 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, परबत्ता | 72.91 | |
| 39 | धमदाहा | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, धमदाहा | 72.91 | |
| 40 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, रूपौली | 72.91 | |
| 41 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, बनमंखी | 72.91 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 42 | कटिहार | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, सोनौली | 72.91 | |
| 43 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, कटिहार | 72.91 | |
| 44 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, बरसोई | 72.91 | |
| 45 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, कुर्सेला | 72.91 | |
| 46 | | अवर प्रमंडलीय कार्यालय, मनिहारी | 72.91 | |
| 47 | यांत्रिक प्रमंडल, कटिहार | अवर प्रमंडलीय (यांत्रिक) कार्यालय, कटिहार | 72.91 | |
| 48 | यांत्रिक प्रमंडल, सहरसा | अवर प्रमंडलीय (यांत्रिक) कार्यालय, सहरसा | 72.91 | |
| | | **कुल** | **3612.74** | |
| | | | **छत्तीस करोड़ बारह लाख चौहत्तर हजार रूपये मात्र** | |

6. इस योजना पर होने वाला योजना व्यय बजट का मुख्य शीर्ष– 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय, उपमुख्य शीर्ष–01–कार्यालय भवन, लघु शीर्ष–051–निर्माण, उपशीर्ष–0128–सरकारी कार्यालय का निर्माण, विपत्र कोड–36–4059010510128–विषय शीर्ष–0128.53.01–मुख्य निर्माण कार्य मतदेय शीर्ष में भारितव्य होगा।

7. इस योजना के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित कार्यपालक अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, बिहार होंगे। योजना पर होने वाला व्यय स्वीकृत राशि तक सीमित रहेगा। राशि की निकासी संबंधित कोषागार से की जायेगी।

8. इस राशि से स्थापना मद पर कोई व्यय नही किया जायेगा और न ही कोई नया पद सृजित किया जायेगा।

9. इसके नियंत्री पदाधिकारी अभियन्ता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय/कार्य प्रबंधन), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग होंगे।

10. बिहार कोषागार संहिता में निहित प्रावधानों के आलोक में बजट प्रावधान के अन्तर्गत निधि की उपलब्धता के आधार पर राशि की निकासी की जायेगी।

11. बिहार वित्त नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में योजना में उपबंधित राशि की उपलब्धता के आधार पर व्यय की जायेगी।

12. योजना का क्रियान्वयन बिहार लोक निर्माण संहिता के प्रावधानों के अनुरूपे किया जायेगा।

13. योजना की तकनिकी स्वीकृति सक्षम प्राधिकार से प्राप्त होने के उपरांत E-tendering के माध्यम से निविदा का आमंत्रण किया जाएगा।

14. यह राशि उसी मद में खर्च की जायेगी, जिसके लिए पुर्नविनियोजित की गयी है, अन्य मद में नहीं।

15. इस योजना के अनुश्रवण की जवाबदेही संबंधित अधीक्षण अभियंता (असैनिक) की होगी जो योजना के कार्यान्वयन के क्रम में कम–से–कम दो बार अनुश्रवण जरूर करेंगे एवं अपना निरीक्षण प्रतिवेदन विभाग को जरूर उपलब्ध करायेंगे।

16. वर्ष 2025–26 के वार्षिक योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध में इसके लिए प्रावधान है।

17. योजना को वित्तीय वर्ष 2026–27 तक पूर्ण किया जाएगा।

18. प्राक्कलन की विशिष्टताओं के अनुसार निर्धारित समायावधि के अन्दर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए।

19. वास्तुविद से भवन के Outlook की समीक्षा योजना के आकस्मिकता मद से करायी जाएगी।

20. इस पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

21. इस पर प्रधान सचिव महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

09.05.2025

(अभय कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)

(121)

ज्ञापांक :–6/प्राक्क01–1144/2025– 898 पटना– 15, दिनांक :– 14.5.25

प्रतिलिपि–वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार/सभी संबंधित जिला पदाधिकारी/ सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/ अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन/ मुख्यालय)/ मुख्य अभियन्ता (उत्तरी/दक्षिणी, बिहार)/ मुख्य अभियन्ता (रूपांकण/अनुश्रवण)/ विशेष पदाधिकारी/ बजट पदाधिकारी/ अधीक्षण अभियन्ता (मो0)/ अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना अंचल संख्या–2/4/ उप निदेशक (मू0)/ प्रशाखा –6/आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3. सभी संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार/ सभी संबंधित अधीक्षण अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, बिहार/ सभी संबंधित कार्यपालक अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4. माननीय मंत्री महोदय के आप्त सचिव को सूचनार्थ समर्पित।

अभय
09.05.2025

(अभय कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)



15ए